नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विश्वविद्यालय एवम् गौ–विज्ञान अनुसंधान केन्द्र देवलापर, नागपुर के मध्य अनुबंध मध्यप्रदेश की आयुर्वेद गौ अनुसंधान की ओर बढ़ते कदम – डॉ. जुयाल

जबलपुर। आज दिनांक 17 जनवरी 2019 को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विश्वविद्यालय, जबलपुर के सभागार में माननीय डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल, कुलपति जी के मुख्य आतिथ्य एवं गौ–विज्ञान अनुसंधान केन्द्र, देवलापार, नागपुर से उपस्थित विशिष्ट अतिथिगण श्री सुनील मानसिंघा, श्री सुरेश डबले, श्रीमति आनन्दी जी, डॉ. वैभव तिवारी एवं श्री सुशील जी की उपस्थिति में **"नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय एवम् गौ–विज्ञान अनुसंधान केन्द्र, देवलापार, नागपुर के मध्य अनुबंध"** किया गया। माननीय कुलपति जी ने अतिथियों का **"तुलसी पौधा युक्त गोबर के गमले"** द्वारा स्वागत किया। माननीय कुलपति जी ने अपने उद्बोधन में वि.वि. द्वारा संचालित **"पंचगव्य उत्पाद निर्माण इकाई"** की शैक्षणिक, अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई। मध्यप्रदेश में स्थित गौ शालाओं में गौ–विज्ञान अनुसंधान केन्द्र, देवलापार, महाराष्ट्र जो कि एक समर्पित संस्था है, के अनुरूप पंचगव्य उत्पाद निर्माण इकाईयों की स्थापना भविष्य में मानव स्वास्थ्य एवं गौ–वंश आधारित कृषि प्रणाली की ओर उन्मुख होगी। जिससे भविष्य में यह प्रदेश **"आर्गेनिक फार्मिंग"** की दिश में विस्तारित होगा, साथ ही स्वप्न दृष्टा नानाजी देशमुख एवं माननीय प्रधानमंत्री जी के लक्ष्य **"कृषकों की आय में दो–गुनी वृद्धि"** को हासिल करने में सक्षम होगा।

इस अवसर पर वि.वि. के डॉ. एस.एन.एस. परमार, अधिष्ठाता संकाय, डॉ. यश पाल साहनी, संचालक अनुसंधान सेवायें, डॉ. सुनील नायक, संचालक विस्तार शिक्षा, डॉ. राजेश शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता, डॉ. जी.पी. लखानी, विभागाध्यक्ष पशु उत्पादन एवं प्रबंध विभाग, डॉ. अकलंन जैन, प्राध्यापक, डॉ. अनिल कुमार गौर, विभागाध्यक्ष/संचालनालय विस्तार शिक्षा, डॉ. विश्वजीत रॉय, सह प्राध्यापक, डॉ. सचिन जैन, प्रभारी प्राचार्य, वेटरनरी पॉलीटेक्निक एवं डॉ. आर.पी. सिंह सहा. प्राध्यापक, एवं श्री विनोद शर्मा प्रवक्ता, ई.टी.व्ही. मीडिया चैनल मध्यप्रदेश की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर